Title: Need to incorporate Copper and Brass industry in Jagadhari Nagar in Haryana under the cottage and small scale industries.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला) : सभापति महोदय, मैं इस महान सदन का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले जगाधरी नगर के विश्वविख्यात बर्तन उद्योग की ओर लाना चाहूंगा जो कि आज लघु उद्योगों की श्रेणी में न लाए जाने के परिणामस्वरूप संकट में हैं। वित्त मंत्रालय ने लघु उद्योग इकाइयों को सेन्ट्रल एक्साइज़ के मामले में एक करोड़ की छूट देकर सराहनीय कार्य किया है। परन्तु जगाधरी के कॉपर तथा ब्रास सीट बनाने वाले लघु उद्योग को एस.एस.आई. के लाभ से वंचित कर दिया है।

मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वे जगाधरी कॉपर व ब्रास सीट निर्माती उद्योग को एस.एस.आई. के अन्तर्गत लाकर राहत प्रदान करें।